कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com

पत्रांकः– 1350 / आर्ट-3 / 120 दिनांकः– 12/06/26

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय- दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन टंकी निर्माण दो साल से बंदः बेहटा रामपुर में 5.71 करोड़ की परियोजना अधूरी, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 12.06.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन टंकी निर्माण दो साल से बंदः बेहटा रामपुर में 5.71 करोड़ की परियोजना अधूरी, ग्रामीण परेशान" के शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड सौरिख ग्राम पंचायत बेहटा रामपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य मैसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत बेहटा रामपुर पेयजल योजना ब्लाक सौरिख में बाउन्ड्रीवाल, पम्प हाउस एवं अवर जलाशय का कार्य staging तक गुणवत्तापूर्वक कराते हुए सौर ऊर्जा अधिष्टापित करा दिया गया है। उक्त ग्राम पंचायत बेहटा रामपुर में अवशेष कार्य प्रगति पर है।

फर्म को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द योजना के अवशेष कार्यों को पूर्ण कराते हुए उक्त ग्राम पंचायत में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

भवदीय

( ए0 के0 राव )
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः– / / दिनांकः–

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2- मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner